भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2**
07 दिसंबर, 2022 को उत्तरार्थ

## तमिलनाडु में आईसीडीपी के अंतर्गत संवितरित निधि

**2. श्री एम. मोहम्मद अब्दुल्ला:**

क्या ***सहकारिता*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों में तमिलनाडु के पुदुक्कोटटै जिले में सहकारी समितियों के लिए एकीकृत सहकारी विकास परियोजना (आईसीडीपी) के अंतर्गत ऋण और राजसहायता के रूप में वर्ष-वार कितनी धनराशि संवितरित की गई;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु के पुदुक्कोटटै जिले में एकीकृत सहकारी विकास परियोजना के द्वारा बहुउद्देश्यीय आत्मनिर्भर संस्थाओं के रूप में विकसित की गई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) की वर्ष-वार संख्या कितनी है; और
(ग) क्या केंद्र सरकार की एकीकृत सहकारी विकास परियोजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में मछली पकड़ने की सहकारी समितियों के विकास के लिए एक एकीकृत क्षेत्र-आधारित पद्धति बनाने की कोई योजना है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) से (ग): राष्ट्रीय सहकारी विकास संगठन (एनसीडीसी) सहकारिता मंत्रालय के अंतर्गत एक सांविधिक संगठन, केंद्रीय क्षेत्र की कृषि क्षेत्रक एकीकृत योजना (सीएसआईएसएसी) के तहत एकीकृत सहकारी विकास परियोजना (आई.सी.डी.पी) परियोजना को कार्यान्वित कर रहा है।

एनसीडीसी ने पुदुक्कोटटै जिले के लिए, इस योजना में दिनांक 22.03.2007 को 1,345 लाख रुपये की कुल वित्तीय सहायता स्वीकृत की और 05.07.2016 तक 1,344.87 लाख रुपये जारी किए , जिसमें 1,184.94लाख रुपये ऋण के रूप में और 159.93लाख रुपये सब्सिडी के रूप में तमिलनाडु सरकार को वितरित किया गया।

एकीकृत सहकारी विकास परियोजना (आई.सी.डी.पी) परियोजना के अतर्गत पुदुक्कोटटै जिले के लिए कुल संवितरण (625.29 लाख रुपये) का प्रमुख हिस्सा प्राथमिक कृषि साख समितियों (PACS) के विकास के लिए था, जो गोदामों के निर्माण और मरम्मत कार्यों, चारदीवारी के निर्माण, लोहे की तिजोरियों की खरीद / निर्माण, और बैंकिंग सेवाओं से संबंधित गतिविधियाँ जैसे बैंक सेवा केंद्र स्थापित करना, कंप्यूटर/ सूचना कियोस्क स्थापित करना और मार्जिन मनी का प्रावधान करना, आदि के लिए था ।

हालांकि पिछले पांच वर्षों में राष्ट्रीय सहकारी विकास संगठन )एनसीडीसी) द्वारा तमिलनाडु के पुदुक्कोटटै जिले में सहकारी समितियों के लिए एकीकृत सहकारी विकास परियोजना (आईसीडीपी) के तहत कोई फंड वितरित नहीं किया गया है । आईसीडीपी परियोजना/सीएसआईएसएसी योजना के तहत अब कोई नई परियोजना स्वीकृत नहीं की जा रही है |

*****